जनसंदेश टाइम्स

Date: 03.07.2019

तैयारियों में जुटा आईआईटी

टेक्नेस 2019

डीन ने बतायी प्रतियोगिता की परंपरा और योजनाएं

80वें संस्करण को जुटेंगे दिग्गज होंगे कई उपदेश और व्याख्यान

वाराणसी। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (काशी हिन्दू विश्वविद्यालय) में 80वां तीन दिवसीय वार्षिक टेक्नो-मैनेजमेंट त्योहार 'टेक्नेक्स - 2019' का आयोजन 8 से 10 मार्च तक किया जा रहा है। यह टेक्नो मैनेजमेंट महोत्सव एशिया का सबसे प्राचीन महोत्सव में से एक है। तीन दिन तक चलने वाले इस महोत्सव में छात्रों की विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा और इस दौरान होने वाले सम्मेलन में देश और दुनिया की दिग्गज हस्तियां शामिल होंगी। यह जानकारी बुधवार को जिमखाना में आयोजित पत्रकार वार्ता में छात्र कार्य अधिष्ठाता प्रो. बीएन राय ने दी।

टेक्नेक्स-19 के फैकल्टी एडवाइजर और अस्सिटेंट प्रोफेसर डा.अंकुर वर्मा ने बताया कि टेक्नेक्स-19 में होनी वाली प्रतियोगिताओं में देश भर के शैक्षणिक संस्थाओं से छात्र शामिल होंगे। तीन दिन तक चलने वाली प्रतियोगिताओं में सामाजिक, प्राकृतिक और औद्योगिक समस्याओं का तकनीक के मदद से सामाधान के लिए बनाए माडल प्रतियोगिता 'माडेक्स' जटिल तकनीक का कौशल दिखाने के लिए 'रोबोनेक्स', शेयर मार्केट और अर्थशास्त्र में विश्लेषणात्मक निर्णय लेने की प्रतियोगिता 'रिक्वेजा', कोडिंग कौशल दिखाने के लिए 'बाइट द बिट्स' और इंजीनियरिंग कौशल दिखाने जैसे वायरलैस आरसी प्लेन, वॉटर रॉकेट इवेंट आदि के लिए 'एसेंशन' जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

थिंक टाक में जुटेंगे दिग्गज देंगे व्याख्यान

आईआईटी बीएचयू के टेक्नेक्स - 2019 में थिंक टाक देने के लिए देश की जानी-मानी हस्तियों में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, इंडिया टीवी के अध्यक्ष और प्रधान संपादक रजत शर्मा, अमूल के प्रबंध निदेशक डा.आरएस सोढ़ी शामिल होंगे। इसके अतिरिक्त विदेशी हस्तियों में स्टैडीकैम के अविष्कारक और ऑस्कर अवार्ड से सम्मानित गैरेट ब्राउन, नोबेल पुरस्कार विजेता डा.जानसी मैथर और अमेरिकन कंप्यूटर साइंटिस्ट नैथैनियल बोरेंस्टिन शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि तीनों दिन होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में कई हस्तियां शामिल होंगी। इसमें एसिड हमले के पीड़ितों के अधिकारों के प्रति बोलने वाली और प्रेरक वक्ता लक्ष्मी अग्रवाल, भारतीय गायक, गीतकार और पंजाब के संगीतकार गुरु रंधावा और मुंबई के स्टैंड अप कामेडियन राहुल सुब्रमहण्यन भी शामिल होंगे।

एयरशो होगा मुख्य आकर्षण

वाराणसी। आईआईटी बीएचयू में टेक्नेक्स -2019 के तहत प्रो.वीरभद्र मेमोरियल एयर शो विशेष आकर्षण होगा। टेक्नेक्स-2019 के अंतिम दिन इस प्रोफेसर वीरभद्र मिश्र मेमोरियल एयरशो के छठें संस्करण का आयोजन होगा। इसमें संस्थानों छात्रों द्वारा बनाए गए एयरक्राफ्ट का प्रदर्शन किया जाएगा।